Greenlawns School , Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२४-२५)

कक्षा - नौवीं पूर्णांक - ८०

दिनांक - ७/१०/२०२४ विषय - हिंदी समय - ३ घंटे

सूचना :- १) प्रथम पंद्रह मिनट प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

२) प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं 'अ' तथा 'ब' ।

३) भाग 'अ' के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

४) भाग 'ब' में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

५) प्रश्न-पत्र के पृष्ठों की संख्या (७) है ।

Section A (40 Marks)
Attempt All Questions
विभाग 'अ' (अंक - ४०)

भाषा-विभाग

Question1) Write a short Composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics : -

प्रश्न १] निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २५० शब्दों में निबंध लिखिए :- [१५]

i) एक बार आप विद्यालय से घर जा रहे थे। रास्ते में ही घनघोर वर्षा शुरू हो गई,वर्षा से बचने के लिए वहाँ पर कुछ नहीं था तथा आप बुरी तरह भीगते हुए घर पहुँचे । इस घटना का पूर्ण विवरण दीजिए।

ii) जलवायु परिवर्तन (climate change) एक विनाशकारी संकेत है । इसके दुष्परिणाम पर चर्चा करते हुए समाधान पर एक प्रस्ताव लिखिए।

iii) 'यदि दृढ़ संकल्प है तो विकलांगता कोई समस्या नहीं है।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

iv) 'आ बैल मुझे मार इस ' लोकोक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना आवश्यक है।



P.T.O

Question 2) write a letter in Hindi approximately 120 words on any one of the topic given below:-

प्रश्न २] निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग १२० शब्दों में एक पत्र लिखिए :-

(लिफाफा आवश्यक) [०७]

i) आप अपने दोस्तों के साथ किसी सुंदर शहर की यात्रा करके आए हैं I आपने वहाँ क्या-क्या देखा ? वह इतना प्रसिद्ध क्यों है ? उसका वर्णन करते हुए अपने दादाजी को पत्र लिखिए I

अथवा

ii) आपके क्षेत्र में मलेरिया तथा डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है I इसकी रोकथाम के लिए नगर निगम (municipal corporation) के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए।

Question 3) Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow using your own words as per as possible :-

प्रश्न ३] नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में हिंदी में दीजिए।

प्राचीनकाल में वाजश्रवा नाम के एक ऋषि थे। उनका यह विश्वास था कि पृथ्वी से दूर स्वर्ग नाम का कोई स्थान है। मनुष्य मृत्यु के बाद वहाँ जाता है और पृथ्वी पर दान करने से उसे स्वर्ग में ऊँचा स्थान मिलता है। उनका एक ही पुत्र था। उसका नाम नचिकेता था। उसे उनका दान करना बहुत बुरा लगता था। वह मन-ही-मन कहता- 'इस धन का उपयोग हम यहीं अपने सुख के लिए करें तो कितना अच्छा हो, पर वह धन मेरा तो है नहीं, मैं उन्हें दान करने से रोक भी कैसे सकता हूँ।' वाजश्रवा जानते थे कि नचिकेता को उनका दान करना बुरा लगता है। वह नचिकेता को प्यार भी बहुत करते थे किंतु उन्हें स्वर्ग में प्राप्त होने वाले सुख की चिंता इतनी अधिक रहती थी कि वह इस लोक में रहने के सुख की ओर ध्यान नहीं दे पाते थे।

एक बार वाजश्रवा ने एक सौ गायें इंद्र देवता के नाम पर एक ब्राह्मण को दान में दीं। गायें बड़ी दुबली-पतली और दूध न देने वाली थीं। इसलिए वह मन में दुखी थे कि इनसे अच्छी स्वस्थ और दूध देने वाली गायें उनके पास दान करने को क्यों न हुई। नचिकेता ने पिता को व्यथित देखा , तो उनसे कहा- "पिता जी! आप चिंतामग्न क्यों हैं? आपके पास तो उन गायों से अधिक मूल्यवान वस्तु है। आप उसे भी दान क्यों नहीं कर देते।"

वाजश्रवा ने पूछा - "वह क्या?"

नचिकेता ने उत्तर दिया- "वह मैं हूँ।"

वाजश्रवा ने झुंझलाकर प्रत्युत्तर दिया "जा, मैंने तुझे भी दान किया।"

नचिकेता ने पुनः प्रश्न किया- "किसे?"

वाजश्रवा बोले- "यम को।"

नचिकेता तत्काल गृह त्यागकर मृत्यु के देवता यम की खोज में चल दिया। वह मृत्यु से डरता था। फिर भी उसने सोचा- 'इससे पहले भी लोग दुनिया में मरते रहे हैं और इससे आगे भी मरते रहेंगे। अतः मृत्यु से भय किस बात का?'

चलते-चलते नचिकेता यम के द्वार तक पहुँच गया। वहाँ उसे ज्ञात हुआ कि यम कहीं बाहर गए हुए हैं। तीन दिन बाद लौटेंगे। वह तीन दिन तक उनके द्वार पर पड़ा उनके लौटने की प्रतीक्षा करता रहा। जब यम लौटकर आए , तो उन्होंने उससे पूछा- "तुम कौन हो? यहाँ कैसे आना हुआ?"
नचिकेता ने कहा- "मेरे पिता ने मुझे आपको दान दे दिया है। अब मैं यहीं रहूँगा।"
यम बोले- "दान! कैसा दान? दान के दो पक्ष होते हैं। एक दाता और एक ग्रहणकर्ता। जहाँ लेने वाला उपस्थित न हो वहाँ दान कैसे?"
नचिकेता ने कहा- "पृथ्वी पर मनुष्य तो देवताओं के नाम पर बड़े-बड़े दान कर देते हैं।"
यम ने कहा- "वे सब धोखे में हैं। देवता किसी का दान नहीं लेते।" नचिकेता ने यम से बहुत तर्क किया किंतु उन्होंने नचिकेता को अपने साथ रखना स्वीकार न किया। अंततः नचिकेता को अपने घर लौटकर आना पड़ा। पिता ने उसे देखा तो आश्चर्य में पड़ गए। नचिकेता के लौटकर आने से वे मन में प्रसन्न तो अवश्य हुए, पर उन्होंने पूछा, "मैंने तो तुझे दान कर दिया था? फिर तू लौट कैसे आया?"
नचिकेता ने कहा- "देवता किसी का दान नहीं लेते।" उसने यम से हुई सारी वार्ता कह सुनाई। वाजश्रवा के पूर्व विश्वास में फिर भी कोई कमी नहीं आई। वह पूर्व की भाँति ही दान करते रहे।

प्रश्न :

i) वाजश्रवा कौन थे ? उनका क्या विश्वास था ? [२]

ii) उनका दान देना किसे बुरा लगता था और क्यों ? [२]

iii) वाजश्रवा के दुख का क्या कारण था ? [२]

iv) पिता को चिंतित देख नचिकेता ने क्या किया और क्यों ? [२]

v) इस गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती है ? [२]

Question 4) Answer the following according to the instructions given:-

प्रश्न ४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- [८]

i) 'ऋजु' का विलोम बताइए -

a) कुटिल

b) कुटील

c) कुंतील

d) कुतिल

ii) 'जीभ' का पर्यायवाची शब्द लिखिए -

a) वाणी,वात

b) वाचा,जिह्वा

c) जबान,बेज़ुबान

d) अमृत,रसज्ञा

P.T.O

iii) ‘ शिक्षक ’ की भाववाचक संज्ञा बताइए -

a) शीक्षा

b) षिक्षा

c) शीशा

d) शिक्षा

iv) ‘आत्मा’ का विशेषण शब्द बनाइए -

a) आतमिक

b) आत्मीक

c) आत्मिक

d) अत्मिक

v) ‘गीदड़ भभकी’ मुहावरे का अर्थ बताइए -

a) भाग जाना

b) हार मानना

c) कोरी धमकी

d) खुशियाँ मनाना

vi) जन्मदिन के उत्सव में सुमन सपरिवार सहित आएगी । इस वाक्य का शुद्ध रूप बताइए -

a) जन्मदिन के उत्सव में सुमन सपरिवार आएगी ।

b) जन्मदिन के उत्सव में सुमन परिवार आएगी ।

c) जन्मदिन में उत्सव के सुमन सपरिवार आएगी ।

d) जन्मदिन कै उत्सव में सुमन सपरिवार आएगी ।

vii) निर्देशानुसार वाक्य का परिवर्तन बताइए -

सभी नए भर्ती हुए जवानों को प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए कहा गया है।(प्रश्नवाचक में बदलिए)

a) क्या सभी नए भर्ती हुए जवानों को प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए कहा गया है ।

b) क्या ! सभी नए भर्ती हुए जवानों को प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए कहा गया है ।

c) क्या सभी नए भर्ती हुए जवानों को प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए कहा गया है ?

d) क्या , सभी नए भर्ती हुए जवानों को प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए कहा गया है ।

viii) निर्देशानुसार वाक्य का परिवर्तन बताइए -

हमारा नौकर छुट्टी पर गया है। (लिंग परिवर्तन कीजिए)

a) हमारी नोकरानी छुट्टी पर गई है।

b) हमारी नौकरानी छुट्टी पर गई है।

c) हमारि नौकरानी छुट्टी पर गई है।

d) हमारी नौकरानी छुट्टि पर गई है।

Secton B

Attempt at least one-one queestion from 2 books

विभाग - ब (अंक -४० )

साहित्य-विभाग

इस भाग से कुल (४) प्रश्न करने हैं।

(निर्देश - चयनित पुस्तक में से एक - एक प्रश्न लिखना अनिवार्य हैं।)

<u>संक्षिप्त - कहानियाँ</u>

Question 5) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न ५) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

" क्या मतलब ? क्यों चेंज कर देता है ? " हालदार साहब अब भी नहीं समझ पाए ।

(पाठ - नेताजी का चश्मा , लेखक - स्वयं प्रकाश)

प्रश्न :

i) पानवाले ने कैप्टन चश्मेवाले द्वारा नेताजी की मूर्ति का चश्मा चेंज करने के संबंध में क्या बताया? (२)

ii) पानवाले की बात सुनकर भी हालदार साहब को कौन-सी बात अभी भी समझ में नहीं आई ? (२)

iii) हालदर साहब का परिचय दीजिए । (३)

iv) कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए । (३)

Question 6) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न ६) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

"सेठ जी ! यज्ञ खरीदने के लिए तो हम तैयार हैं ,पर आपको अपना महायज्ञ बेचना होगा ।"

(पाठ- महायज्ञ का पुरस्कार, लेखक -यशपाल)

प्रश्न :

i) उपर्युक्त अवतरण का वक्ता व श्रोता कौन हैं ? वक्ता के विषय में क्या अफ़वाह थी ? (२)

ii) वक्ता, श्रोता से बार-बार महायज्ञ बेचने को क्यों कह रही थी ? (२)

iii) महायज्ञ से आप क्या समझते हैं ? कहानी के आधार पर समझाइए । (३)

iv) 'महायज्ञ का पुरस्कार' कहानी का उद्देश्य लिखिए । (३)

P.T.O

Question 7) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न ७) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

‘ वर्षा के अनंतर एक दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है , परंतु भीतर - ही - भीतर उसकी आर्द्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है , वैसे ही उसके अंतस्तल में वह शोक जाकर बस गया था । ’

(पाठ-काकी , लेखक - सियारामशरण गुप्त)

प्रश्न :

i) यहाँ किसकी बात की जा रही है ? उसका परिचय दीजिए । (२)

ii) उपर्युक्त पंक्तियों का संदर्भ स्पष्ट कीजिए । (२)

iii) उसके व्यवहार में क्या परिवर्तन आया ? उपर्युक्त पंक्तियों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए । (३)

iv)” बालक का हृदय अत्यंत कोमल , भावुक और संवेदनशील होता है और वे मातृवियोग की पीड़ा को सहन नहीं कर पाते ।” प्रस्तुत कहानी काकी के माध्यम से स्पष्ट कीजिए । (३)

## पद्य - विभाग

Question 8) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न ८) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर. जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया दिखाई, जग को दीया दिखाया।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।

(कविता - वह जन्मभूमि मेरी , कवि - सोहनलाल द्विवेदी )

प्रश्न :

i) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने किन दो महाकाव्यों के किन-किन पात्रों का उल्लेख किया है ? (२)

ii) “जग को दया दिखाई, जग को दीया दिखाया”- से कवि का क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए। (२)

iii) कवि ने ’वह युद्धभूमि मेरी’ और ’वह बुद्धभूमि मेरी’ के द्वारा क्या कहना चाहा है ? समझाकर लिखिए। (३)

iv) प्रस्तुत कविता के माध्यम से कवि हम में राष्ट्रीय- गौरव का भाव जागृत करना चाहते हैं। - स्पष्ट कीजिए। (३)

Question 9) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न ९) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

साँई सब संसार में, मतलब का व्यवहार।
जब लग पैसा गाँठ में, तब लग ताको यार॥
तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोले।
पैसा रहे न पास, यार मुख से नहिं बोले॥
कह 'गिरिधर कविराय' जगत यहि लेखा भाई।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई॥

(कविता - कुंडलियाँ , कवि - गिरिधर कविराय )

प्रश्न :

i) कवि के अनुसार इस संसार में किस प्रकार का व्यवहार प्रचलित है ? (२)

ii) व्यक्ति के पास रुपया-पैसा न रहने पर मित्रों के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ जाता है ? (२)

iii)"करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई" - पंक्ति द्वारा कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है ? इसे पद्यांश के आधार समझाकर लिखिए । (३)

iv) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - गाँठ, बेगरजी, विरला, यार, प्रीति, जगत । (३)

Question 10) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न १०) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

जब तक मनुज - मनुज का यह
सुख भाग नहीं सम होगा
शमित न होगा कोलाहल
संघर्ष नहीं कम होगा।
उसे भूल वह फँसा परस्पर
ही शंका में भय में
लगा हुआ केवल अपने में
और भोग - संचय में ।

(कविता - स्वर्ग बना सकते हैं , कवि - रामधारी सिंह 'दिनकर' )

प्रश्न :

i) कवि के अनुसार कब तक संघर्ष कम नहीं होगा ? (२)

ii) शंका और भय से कवि का क्या आशय है ? (२)

iii) प्रस्तुत कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए । (३)

iv) प्रस्तुत कविता के कवि का परिचय दीजिए । (३)

समाप्त